# कम्युनलिजम वॉच

खंड: 2, अंक-6

1अप्रैल-30 अप्रैल, 2016

## इस अंक में

**सांप्रदायिक घटनाएं 2-3**

**सांप्रदायिक हिंसा और तनाव**

- रामनवमी के दौरान झारखंड में हिंसा
- हिंदू नववर्ष के दौरान मध्यप्रदेश में हिंसा
- दलित महिला की हत्या के बाद तनाव
- रामनवमी के दौरान महाराष्ट्र में हिंसा
- हरियाणा के गांव में तनाव
- बस्तर में चर्च पर हमला
- उत्तरप्रदेश में सामान्य विवाद में हिंसा
- कुशीनगर में विवाद
- आजमगढ़ में सामान्य विवाद में सांप्रदायिक हिंसा
- मंगलौर में अल्पसंख्यक समुदायों पर हमला
- आगरा में सामान्य विवाद में सांप्रदायिक झड़प
- गुजरात में खेल के विवाद में सांप्रदायिक हिंसा
- इंफाल में तीन मणिपुरी मुस्लिम युवकों की पिटाई

**सांप्रदायिक रणनीति 4-6**

- मंगलौर में लगा आपत्तिजनक पोस्टर
- चर्च में हो रही शादी का हिंदूवादी संगठनों ने किया विरोध
- विधानसभा चुनावों में पश्चिमी उत्तरप्रदेश पर नजर
- हिंदू लड़की और मुस्लिम लड़के की शादी का विरोध
- कर्नाटक में अभिव्यक्ति की आजादी पर हमला
- साधु से मार-पीट की कथित घटना पर बजरंग दल का घेराव
- परिक्रमा के दौरान विहिप भी करेगा कार्यक्रम
- केरल में दुर्गावाहिनी की रणनीति
- विहिप ने किया शिमला का नाम बदलने की मांग
- विधानसभा चुनाव के पहले आरएसएस कराएगा सर्वे
- वड़ोदरा में मंदिर गिराने पर अखिल भारतीय हिंदू महासभा का विरोध
- राममंदिर पर सुब्रमण्यम स्वामी की बयानबाजी
- रामनवमी के दिन ऑड-इवेन लागू , विहिप ने कहा हिंदू विरोधी
- झारखंड में पोस्टर जलाने के आरोप में बजरंग दल का प्रदर्शन
- कथित व्हाट्स एप संदेश के खिलाफ बजरंग दल और हिंदूवादी संगठनों का प्रदर्शन
- गुजरात विधानसभा चुनावों के लिए आरएसएस की रणनीति
- धर्मांतरण की अनुमति के बाद भी बजरंग दल की धमकी
- कन्हैया कुमार पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने किया हमला
- राम मंदिर पर विहिप का अभियान

**शिक्षा का भगवाकरण | अतिवादी लेखन 7**

- राजस्थान में पूर्व आरएसएस प्रमुख का लेख पाठ्यक्रम में शामिल
- गुजरात में शैक्षणिक संस्थाओं पर आरएसएस का दबाव
- पांच हजार केन्द्रों पर आरएसएस की कक्षाएं
- भाजपा नेता ने कहा पढ़ना है तो भारत माता लिखना अनिवार्य
- दलितों को जोड़ने के लिए ऐतिहासिक नजरिए की गलत प्रस्तुति

**न्यायिक और प्रशासनिक प्रक्रिया 8-9**

- पलवल हिंसा में एसआईटी गठन के निर्देश
- बंगलौर हाइकोर्ट ने लापरवाही के लिए पुलिस को फटकारा
- कुपवाड़ा में व्हॉसएप के लिए सरकारी लाइसेंस लेना अनिवार्य
- गोपालगढ़ हिंसा पर गर्ग आयोग की रिपोर्ट
- कन्नौज में दंगो के आरोपियों पर धारा 82 के तहत कार्रवाई की अनुमति
- मंदिर के निमंत्रण पत्र पर मुस्लिम अधिकारी के नाम पर विवाद
- मध्यप्रदेश में मोहन भागवत के खिलाफ सोशल पोस्ट पर गिरफ्तारी
- दादरी में प्रशासन ने शादी को सांप्रदायिक खतरा बताया
- आजमगढ़ तनाव में हुईं गिरफ्तारियां
- कलबुर्गी हत्याकांड में दक्षिणपंथी संगठनों की तरफ बढ़ रही जांच
- राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की झारखंड सरकार को नोटिस
- किश्तवार दंगे की जांच करेगा राज्य मानवाधिकार आयोग

**सांप्रदायिक घटनाओं के आंकड़े 9**

- मध्यप्रदेश में सांप्रदायिक घटनाएं बढ़ीं

| सांप्रदायिक घटनाएं | | |
|---|---|---|
| **सांप्रदायिक हिंसा एवं तनाव** | | |
| **घटनाएं** | **सम्मिलित संगठन/ समूह** | **दिनांक और घटना स्थल** |
| **रामनवमी के दौरान झारखंड में हिंसा**<br>रामनवमी पर आयोजित यात्रा के दौरान हजारीबाग जिले में हिंसा हुई। हिंसा की शुरूआत उस वक्त हुई जब दूसरे समुदाय के सदस्यों ने लाउडस्पीकर बजाने पर आपत्ति जताया। उपद्रव में दर्जनों दुकानों और वाहन क्षतिग्रस्त हुई।<br>http://articles.economictimes.indiatimes.com/2016-04-18/news/72424703_1_communal-violence-ram-navami-procession-hazaribagh<br>http://www.business-standard.com/article/news-ians/hazaribagh-communal-violence-five-bodies-exhumed-116042501113_1.html<br>Date Accessed: 18/4/2016 | स्थानीय समुदाय | 17/4/2016<br>हजारीबाग<br>झारखंड |
| **हिंदू नववर्ष के दौरान मध्यप्रदेश में हिंसा**<br>सिवनी में हिंदू नववर्ष के आयोजन के रात में आयोजित बाइक रैली के दौरान सांप्रदायिक हिंसा हुई। हिंसा के दौरान चार लोग घायल हुए। इस मामले में भाजपा, बजरंग दल से जुड़े पांच नेताओं को गिरफ्तार किया गया।<br>http://www.hindustantimes.com/bhopal/mp-a-day-after-violence-seoni-tense-but-peaceful/story-aGZgv4kS0jQnhvzJlk2YmL.html<br>Date Accessed: 10/4/2016 | भाजपा, बजरंग दल | 9/4/2016<br>सिवनी<br>मध्यप्रदेश |
| **उत्तरप्रदेश में दलित महिला की हत्या के बाद तनाव**<br>बलिया के बीमापुरा इलाके में 35 साल की दलित महिला की हत्या के तनाव हुआ। बताया जाता है कि पड़ोसी परिवार के एक युवक द्वारा महिला की बेटी के साथ अभद्रता की शिकायत करने पर आरोपी युवक ने महिला को राड से पीटकर मार डाला।<br>http://www.dailypioneer.com/state-editions/lucknow/communal-tension-sparkled-in-balia.html<br>Date Accessed: 13/4/2016 | स्थानीय समुदाय | 11/4/2016<br>बलिया<br>उत्तरप्रदेश |
| **रामनवमी के दौरान महाराष्ट्र में हिंसा**<br>महाराष्ट्र के बुलढाड़ा जिले के गांव जामोद में रामनवमी के दौरान दो समुदायों के बीच हुई हिंसा में 9 लोग घायल हुए। दूसरे समुदाय के एक व्यक्ति की अंत्येष्टि के दौरान हुई नारेबाजी पर लोगों ने आपत्ति जताया और तनाव बढ़ गया।<br>http://twocircles.net/2016apr18/1460994079.html#.VyGy9Vt94y4<br>Date Accessed: 18/4/2016 | स्थानीय समुदाय | 16/4/2016<br>बुलढाड़ा<br>महाराष्ट्र |
| **हरियाणा के गांव में तनाव**<br>सोनीपत से लगे गांव देवरहू में सांप्रदायिक तनाव बढ़ रहा है। देवरहू में घरों पर हिंदू प्रतीक बनाने, भाजपा विधायक और हरियाणा सरकार के मंत्री द्वारा एक विवादित जीर्ण-शीर्ण मस्जिद पर सामुदायिक भवन का शिलान्यास करने के बाद से तनाव बढ़ रहा है।<br>http://www.newslaundry.com/2016/04/20/dewarhu-another-ayodhya-making/<br>Date Accessed: 20/4/2016 | आरएसएस, भाजपा | सोनीपत, हरियाणा |
| **बस्तर में चर्च पर हमला**<br>बस्तर जिले में रविवार की प्रार्थना के दौरान दो लोगों ने चर्च पर हमला किया। पादरी और उनकी पत्नी पर धारदार हथियार से हमला किया गया और चर्च में आग लगा दिया गया। छत्तीसगढ़ क्रिश्चियन फोरम ने इस मामले में बजरंग दल पर आरोप लगाया है।<br>http://www.jansatta.com/rajya/a-church-was-attack-by-two-people-in-chhattisgarh/87365/<br>Date Accessed: 19/4/2016 | बजरंग दल | 17/4/2016<br>बस्तर<br>छत्तीसगढ़ |

| | | |
|---|---|---|
| **उत्तरप्रदेश में सामान्य विवाद में हिंसा**<br>कासगंज में फसल को जानवर द्वारा चरने के विवाद में सांप्रदायिक तनाव हुआ। इस दौरान लाठी से हमला किया गया और पथराव हुआ। हिंसा में 3 महिलाओं सहित 25 लोग घायल हुए।<br>http://www.livehindustan.com/news/uttarpradesh/article1-kasganj-soron-bawal-communal-violence-528847.html<br>Date Accessed: 24/4/2016 | स्थानीय समुदाय | 24/4/2016<br>कासगंज<br>उत्तरप्रदेश |
| **कुशीनगर में विवाद**<br>कुशीनगर में एक धार्मिक स्थल में लगी आग के बाद तनाव फैल गया। बरवा पुर्दिल गांव में खेत की खरपतवार जलाने के दौरान आग फूस के बने धार्मिक स्थल में लग गयी। इस मामले में दोनों पक्षों ने मिलकर विवाद सुलझा लिया जिससे स्थिति सामान्य हो गयी।<br>http://www.patrika.com/news/gorakhpur/communal-tension-averted-in-kushinagar-1276913/<br>Date Accessed: 22/4/2016 | स्थानीय समुदाय | 20/4/2016<br>कुशीनगर<br>उत्तरप्रदेश |
| **आजमगढ़ में सामान्य विवाद में सांप्रदायिक हिंसा**<br>आजमगढ़ के कतरा नूरपूर में बच्चों के खेलने के दौरान हुए विवाद ने सांप्रदायिक रंग ले लिया। इस दौरान हुई हिंसा में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। इस मामले में ग्राम प्रधान सहित 6 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।<br>http://www.patrika.com/news/azamgarh/uproar-in-azamgarh-1273234/<br>Date Accessed: 18/4/2016 | स्थानीय समुदाय | 17/4/2016<br>आजमगढ़<br>उत्तरप्रदेश |
| **मंगलौर में अल्पसंख्यक समुदायों पर हमला**<br>मंगलौर के निकट उल्लाल में अलग-अलग घटना में अल्पसंख्यक समुदाय के चार लोगों को छुरा मारने की घटनाओं के बाद माहौल अशांत हो गया। तनाव को देखते हुए प्रशासन ने निषेधाज्ञा लागू कर दिया। इस मामले में प्रशासन ने कार्यवाई करते हुए कुछ लोगों की पहचान की है और एक आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार किया।<br>http://indiatoday.intoday.in/story/communal-tension-flares-up-in-coastal-karnataka-1-arrested/1/652886.html<br>Date Accessed: 28/4/2016 | अराजक तत्व | मंगलौर<br>कर्नाटक |
| **आगरा में सामान्य विवाद में सांप्रदायिक झड़प**<br>आगरा में दो समूहों के बीच हो रहे विवाद के दौरान दूसरे समुदाय का एक राहगीर घायल हो गया। जिसके बाद हुई झड़प में 40 साल के एक व्यक्ति की हत्या कर दी गयी, जिसके बाद इकठ्ठा हुई भीड़ ने प्रदर्शन किया।<br>http://www.dailypioneer.com/state-editions/communal-tension-prevails-in-agra-after-a-man-was-batterd-to-death.html<br>Date Accessed: 23/4/2016 | स्थानीय समुदाय | आगरा<br>उत्तरप्रदेश<br>21/4/2016 |
| **गुजरात में सांप्रदायिक हिंसा**<br>क्रिकेट में वेस्टइंडीज से भारत की हार के बाद हुए विवाद और दो समुदाय के युवकों में हुई मारपीट से गुजरात के नवसारी जिले के कस्बे वंसाडा में सांप्रदायिक माहौल बिगड़ा। सोशल साइट से सूचना फैलने पर लोग इकठ्ठा हो गए। इस दौरान हुई हिंसा में धार्मिक स्थल पर हमला किया गया। पुलिस ने 24 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिसमें 4 महिलाएं भी शामिल हैं।<br>http://indianexpress.com/article/india/india-news-india/gujarat-clashes-in-navsari-district-after-indias-loss-in-t20-semi-final-match/<br>http://indianexpress.com/article/cities/ahmedabad/navsari-24-held-for-rioting/<br>Date Accessed: 5/4/2016 | स्थानीय समुदाय | 2/4/2016<br>नवसारी<br>गुजरात |
| **इंफाल में तीन मणिपुरी मुस्लिम युवकों की पिटाई**<br>इंफाल में तीन मणिपुरी मुस्लिम युवकों को बुरी तरह से पीटा गया। इस घटना में गंभीर रूप से घायल हुए दो युवकों की मौत हो गयी। इससे पहले मार्च में 6 मुस्लिम युवकों पर हमला किया गया था।<br>http://www.siasat.com/news/two-manipuri-muslim-youths-brutally-beaten-deathone-seriously-injured-943082/<br>Date Accessed: 8/4/2016 | अज्ञात | 7/4/2016<br>इंफाल |

| सांप्रदायिक रणनीतियां | |
|---|---|
| **सांप्रदायिक संगठन** | |
| **रणनीतियां** | **सम्मिलित संगठन** |
| **मंगलौर में लगा आपत्तिजनक पोस्टर**<br>मंगलौर में हिंदू जागरण वेदिके के आपत्तिजनक पोस्टर से विवाद हुआ। श्री महा गणपति मंदिर पर आयोजित वार्षिक मेले के दौरान गैर-हिंदुओं को दुकान बंद करने के लिए कहा गया था। सुरथकल पुलिस स्टेशन में इसकी शिकायत के बाद प्रशासन ने मंदिर परिसर में लगाए गए विवादित पोस्टरों को हटा दिया।<br>http://timesofindia.indiatimes.com/city/mangaluru/Hindutva-groups-flex-against-non-Hindus-triggers-controversy-in-Mangaluru-removed/articleshow/51945116.cms<br>Date Accessed: 22/4/2016 | हिंदू जागरण वेदिके |
| **चर्च में हो रही शादी का हिंदूवादी संगठनों ने किया विरोध**<br>मध्यप्रदेश के सतना में पारिवारिक सहमति के साथ धर्मांतरित होकर शादी कर रहे युगल के विवाह कार्यक्रम का हिंदूवादी संगठनों ने विरोध किया। पुलिस ने इसमें कार्यवाई करते हुए चर्च के पादरी, युवक-युवती के परिवार सहित 10 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस की शुरूआती जांच में लड़की को नाबालिग बताया गया है।<br>http://indianexpress.com/article/india/india-news-india/madhya-pradesh-police-bajrang-dal-stop-church-wedding-2773585/<br>Date Accessed:28/4/2016 | हिंदूवादी संगठन |
| **विधानसभा चुनावों में पश्चिमी उत्तरप्रदेश पर नजर**<br>2017के उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनावों में मजलिस-ए -इत्तेहादुल मुसलिमीन सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील रहे पश्चिमी उत्तरप्रदेश के इलाकों पर ध्यान दे रही है। पार्टी ने दावा किया है कि वह विधानसभा की सभी 403 सीटों पर उम्मीदवार खड़ा करेगी।<br>http://www.catchnews.com/lucknow-news/asaduddin-owaisi-likely-to-bank-on-riot-victims-to-capture-uttar-pradesh-.1461741593html<br>Date Accessed:27/4/2016 | मजलिस-ए -इत्तेहादुल मुसलिमीन |
| **हिंदू लड़की और मुस्लिम लड़के की शादी का विरोध**<br>कर्नाटक के मंडया में हिंदू लड़की और मुस्लिम लड़के की शादी का विरोध बजरंग दल ने किया। बजरंग दल सहित भाजपा (BJP), विहिप (VHP) इस शादी को लव जेहाद बता रहा था। पुलिस में की गयी शिकायत के बाद प्रशासन ने शादी के दौरान काफी संख्या में पुलिस बल तैनात किया। शादी का विरोध कर रहे संगठनों ने इस दौरान प्रदर्शन आयोजित किया।<br>http://www.firstpost.com/india/love-jihad-whats-that-hindu-girl-ties-knot-with-muslim-boy-under-police-protection-2737744.html<br>Date Accessed:19/4/2016 | बजरंग दल |
| **कर्नाटक में अभिव्यक्ति की आजादी पर हमला**<br>हाल ही कर्नाटक में घटी दो घटनाओं ने अभिव्यक्ति की आजादी पर हो रहे हमले को लेकर कलाकारों और लेखकों द्वारा चिंता प्रकट की गयी है। 14 अप्रैल को शिवमोगा जिले में आंबेडकर जयंती पर भाषाविज्ञानी और लेखक मेति मल्लिकार्जुन के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रविरोधी बयान देने का आरोप लगाया। इसके बाद 17 अप्रैल को बेंगलुरू में दक्षिणपंथी संगठन के कार्यकर्ताओं ने नुक्कड़ नाटक एल्ली (अच्छे दिन)? का मंचन रूकवा दिया और रंगकर्मियों को धमकी दी।<br>http://www.thehindu.com/news/cities/bangalore/artistes-writers-worried-over-curbs-on-freedom-of-expression/article8512272.ece<br>Date Accessed:23/4/2016 | दक्षिणपंथी संगठन, भाजपा |

| | |
|---|---|
| **साधु से मार-पीट की कथित घटना पर बजरंग दल का घेराव**<br>ग्वालियर में कथित तौर पर साधु से हुई मारपीट के बाद उसकी झोपड़ी में आग लगा दिया गया। इसकी सूचना पर बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने थाने का घेराव किया। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।<br>http://www.bhaskar.com/news/MP-GWA-HMU-MAT-latest-gwalior-news-032502-42115-NOR.html<br>Date Accessed:22/4/2016 | बजरंग दल |
| **परिक्रमा के दौरान विहिप भी करेगा कार्यक्रम**<br>अयोध्या में शुरू हो रहे 84 कोसी परिक्रमा को विहिप (VHP) एक बार राजनीतिक रंग देने का प्रयास करेगा। इस परिक्रमा का आयोजन राष्ट्रीय श्री अयोध्या धाम धर्मार्थ सेवा संस्थान करता रहा है। पिछले तीन साल से आयोजित विहिप के कार्यक्रमों को लेकर साधु-संतों ने भी आपत्तिजनक बताया है।<br><br>http://www.patrika.com/news/faizabad/vhp-start-mission-2017-through-84-kosi-parikrama-1275972/<br>Date Accessed:21/4/2016 | विहिप |
| **केरल में दुर्गावाहिनी की रणनीति**<br>विहिप से जुड़े महिला संगठन दुर्गावाहिनी केरल के 23 जिलों में हिंदू महिलाओं की रक्षा के लिए मिर्च का स्प्रे बांट रहा है। हालांकि केरल में दुर्गावाहिनी की सक्रियता सीमित है। लेकिन संगठन महिलाओं के बीच असुरक्षा का मुद्दा उठाकर जोड़ने की रणनीति बना रहा है। संगठन द्वारा आत्मरक्षा के लिए कराटे के सत्र भी आयोजित किए जा रहे हैं।<br>http://www.thehindu.com/news/cities/Kochi/pepper-spray-in-selfdefence-for-hindu-women/article8518403.ece<br>Date Accessed:25/4/2016 | दुर्गावाहिनी |
| **विहिप ने किया शिमला का नाम बदलने की मांग**<br>हिमाचल प्रदेश में विहिप (VHP) ने शिमला का नाम बदलकर श्यामला करने की मांग की। विहिप(VHP) ने कहा है कि शिमला हिंदू देवी मां श्यामला के नाम पर पड़ा है। हालांकि राज्य सरकार ने इस मांग को मानने से इंकार किया है।<br>http://indianexpress.com/article/explained/shimla-as-shyamla-seriously-2759151/<br>Date Accessed:18/4/2016 | विहिप |
| **विधानसभा चुनाव के पहले आरएसएस कराएगा सर्वे**<br>2017 में उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनावों के लिए आरएसएस(RSS) एक सर्वे (survey) करेगा। आरएसएस की छात्र ईकाई अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के लोग केंद्र सरकार के कामकाज, सांप्रदायिक विवाद और धर्मांतरण सहित 31 मुद्दे पर लोगों का मत जानेंगे।<br>http://www.jansatta.com/national/rss-directs-abvp-to-conduct-campaign-cum-survey-in-up-villages-before-assembly-elections/88170/<br>Date Accessed:22/4/2016 | अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद |
| **वड़ोदरा में मंदिर गिराने पर अखिल भारतीय हिंदू महासभा का विरोध**<br>वड़ोदरा में बालाजी कांस्ट्रक्शन द्वारा 90 साल पुराने हनुमान मंदिर को गिराए जाने के बाद अखिल भारतीय हिंदू महासभा ने विरोध प्रदर्शन किया। संबंधित जमीन पर मुख्यमंत्री गृह योजना के तहत पुर्नविकसित किया जाना है। पुलिस ने महाआरती के आयोजन के बाद पुजारी सहित 15 लोगों से पूछ-ताछ किया है।<br>http://indianexpress.com/article/cities/ahmedabad/hindu-mahasabha-calls-for-protest-after-90-year-old-temple-razed-in-vadodara-2766442/<br>Date Accessed:23/4/2016 | अखिल भारतीय हिंदू महासभा |
| **राममंदिर पर सुब्रमण्यम स्वामी की बयानबाजी**<br>मुंबई में आयोजित सेमिनार में भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने कहा है कि अयोध्या में अगले साल राममंदिर का निर्माण शुरू होगा। सेमिनार का विषय था, अयोध्या में राममंदिर क्यों और कैसे? इस कार्यक्रम का आयोजन विराट हिंदुस्थान संगम ने किया।<br>http://www.thehindu.com/news/cities/mumbai/news/ayodhya-temple-by-ram-navami-swamy/article8488471.ece<br>Date Accessed:18/4/2016 | विराट हिंदुस्थान संगम |

| | |
|---|---|
| **रामनवमी के दिन ऑड-इवेन लागू , विहिप ने कहा हिंदू विरोधी**<br>रामनवमी के दिन दिल्ली के रामलीला मैदान में विहिप (VHP) ने कार्यक्रम आयोजित किया। विहिप ने दिल्ली सरकार पर आरोप लगाया कि आज ही के दिन ऑड-इवेन स्कीम लागू कर हिंदू विरोधी काम किया है। इससे मंदिर जाने में लोगों को समस्या हुई।<br>http://indianexpress.com/article/cities/delhi/ram-navami-starting-scheme-today-anti-hindu-says-vhp-many-devotees-disagree-2755730/<br>Date Accessed:16/4/2016 | विहिप |
| **झारखंड में पोस्टर जलाने के आरोप में बजरंग दल का प्रदर्शन**<br>झारखंड के पत्थलगडा में रामनवमी और हिंदू नववर्ष का पोस्टर कथित तौर पर क्षतिग्रस्त करने को लेकर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। इस दौरान बाजार बंद रहा।<br>http://www.jagran.com/jharkhand/chatra-13799794.html<br>Date Accessed:1/4/2016 | बजरंग दल |
| **कथित व्हाट्स एप संदेश के खिलाफ बजरंग दल और हिंदूवादी संगठनों का प्रदर्शन**<br>शामली में एक व्हाट्स एप (whatsapp) संदेश को लेकर बजरंग दल ने विरोध आयोजित किया। कथित तौर पर यह आरोप लगाया गया कि मुजफ्फरनगर के चौक में विवेक प्रेमी को फांसी पर लटका देना चाहिए। अखिल भारतीय मेध क्षत्रिए स्वर्णकार समाज ने जिला प्रशासन ने इसकी शिकायत की। विवेक प्रेमी पर इससे पहले एक मुस्लिम व्यक्ति की पिटाई के कारण एनएसए लगाया गया था।<br>http://timesofindia.indiatimes.com/city/meerut/Bajranj-Dal-protests-against-hate-message-on-WhatsApp/articleshow/51688646.cms<br>Date Accessed:4/4/2016 | बजरंग दल, अखिल भारतीय मेध क्षत्रिए स्वर्णकार समाज |
| **गुजरात विधानसभा चुनावों के लिए आरएसएस की रणनीति**<br>गुजरात में आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों को 10 प्रतिशत का आरक्षण दिए जाने के पीछे आरएसएस(RSS) की भूमिका बतायी जा रही है। यह रणनीति 2019 के विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखकर बनायी जा रही है। 6 लाख से कम वार्षिक आय वाले परिवार आरक्षण के दायरे में आएंगे।<br>http://navbharattimes.indiatimes.com/india/reservation-for-ebcs-in-gujrat-is-rss-calling-the-shots/articleshow/52049837.cms<br>Date Accessed:30/4/2016 | आरएसएस |
| **धर्मांतरण की अनुमति के बाद भी बजरंग दल की धमकी**<br>अहमदाबाद के पोरबंदर गांव में दलित सरपंच ने आरोप लगाया है कि उसके इस्लाम अपनाने की घोषणा करने के बाद से बजरंग दल सदस्य धमकी दे रहे हैं। हालांकि उन्हें गुजरात फ्रीडम रिलीजन एक्ट के तहत धर्मांतरण की अनुमति मिल चुकी है, लेकिन पुलिस ने धर्मांतरण से रोक दिया।<br>http://indianexpress.com/article/cities/ahmedabad/dalit-set-to-embrace-islam-alleges-threat-from-bajrang-dal-2754093/<br>Date Accessed:15/4/2016 | बजरंग दल |
| **कन्हैया कुमार पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने किया हमला**<br>नागपुर में जेएनयू के छात्र संघ अध्यक्ष कन्हैया कुमार पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने हमला किया। कन्हैया कुमार को नागपुर में एक जनसभा को संबोधित करना था। पुलिस ने इस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया।<br>http://www.thequint.com/hot-wire/2016/04/14/jnusu-president-kanhaiya-attacked-by-bajrang-dal-workers-in-nagpur<br>Date Accessed:14/4/2016 | बजरंग दल |
| **राम मंदिर पर विहिप का अभियान**<br>विहिप (VHP) ने राममंदिर को लेकर नया अभियान शुरू किया है। विहिप ने दावा किया है कि संगठन हर गांव में एक राम मंदिर बनवाएगी।<br>http://navbharattimes.indiatimes.com/state/uttar-pradesh/ayodhya/faizabad/vhp-plans-a-ram-temple-in-each-up-village/articleshow/51805937.cms<br>Date Accessed:13/4/2016 | विहिप |

| शिक्षा का भगवाकरण | |
|---|---|
| **राजस्थान में पूर्व आरएसएस प्रमुख का लेख पाठ्यक्रम में शामिल**<br>राजस्थान एडुकेशन बोर्ड ने पूर्व आरएसएस (RSS) प्रमुख के.एस. सुदर्शन के लेख धरा और पर्यावरण को कक्षा-11 की किताब में शामिल किया है।<br>http://zeenews.india.com/news/rajasthan/rajasthan-education-board-includes-chapter-by-ex-rss-chief-in-syllabus-triggers-storm_1880137.html<br>Date Accessed:27/4/2016 | राजस्थान एडुकेशन बोर्ड |
| **गुजरात में शैक्षणिक संस्थाओं पर आरएसएस का दबाव**<br>अहमदाबाद में आरएसएस (RSS) ने भारतीय शिक्षा के पुर्नगठन के लिए प्रधानाचार्यों के साथ एक मीटिंग आयोजित किया। जिला शिक्षा अधिकारियों के जरिए 1,016 वित्तीय सहायता प्राप्त और गैर वित्तीय स्कूलों को 12 अप्रैल को भारतीय शिक्षण मंडल की कार्यशाला में शामिल होने को कहा गया। हालांकि जिला शिक्षा अधिकारी ने इस कार्यक्रम की अनिवार्यता से इंकार किया।<br>http://www.punemirror.in/news/india/Sangh-mulls-saffron-twist-to-education/articleshow/51664909.cms<br>Date Accessed:3/4/2016 | भारतीय शिक्षण मंडल (आरएसएस) |
| **पांच हजार केन्द्रों पर आरएसएस की कक्षाएं**<br>राष्ट्रवाद और हिंदू मूल्यों को लेकर आरएसएस (RSS) रविवार को कक्षाएं आयोजित करेगा। इस योजना के अनुसार पांच हजार केन्द्रों पर 18 साल तक के बच्चों को पुराण, भजन, श्लोक और धर्म के बारे में पढ़ाया जाएगा। इन कक्षाओं में संस्कृत भाषा पर भी जोर होगा।<br><br>http://www.indiatimes.com/news/india/rss-starting-sunday-classes-to-teach-kids-dharma-and-patriotism-253783.html<br>Date Accessed:20/4/2016 | आरएसएस |
| **भाजपा नेता ने कहा पढ़ना है तो भारत माता लिखना अनिवार्य**<br>गुजरात के भाजपा (BJP) नेता दिलीप संघानी ने कहा है कि उनके स्कूल में जिसे एडमिशन लेना है उसे प्रवेश परीक्षा में भारत माता की जय लिखना अनिवार्य होगा। दिलीप संघानी गुजरात में श्री पटेल विद्यार्थी आश्रम ट्रस्ट के प्रमुख हैं। ट्रस्ट के अमरेली में चार शैक्षिक संस्थान हैं।<br><br>http://zeenews.india.com/news/india/gujarat-bjp-leaders-new-diktat-writing-bharat-mata-ki-jai-slogan-mandatory-on-school-entrance-forms_1872384.html<br>Date Accessed:4/4/2016 | श्री पटेल विद्यार्थी आश्रम ट्रस्ट |
| **अतिवादी लेखन** | |
| **दलितों को जोड़ने के लिए ऐतिहासिक नजरिए की गलत प्रस्तुति**<br>आर्गजनाइजर (Organiser) के ताजा अंक में डॉ भीमराव अंबेडकर के साथ आरएसएस (RSS) से निकटता दिखाने की कोशिश की है। पत्रिका में प्रकाशित एक लेख में ऐतिहासिक नजरिए के साथ छेड़-छाड़ करते हुए कहा गया है कि अगर दलितों के पास हथियार होता तो मुस्लिम और ब्रिटिश कभी जीत नहीं पाते।<br>http://navbharattimes.indiatimes.com/india/arming-dalits-could-have-helped-beat-invaders-rss/articleshow/51805224.cms<br>Date Accessed:4/4/2016 | आर्गनाइजर |

## न्यायिक और प्रशासनिक प्रक्रिया

### पलवल हिंसा में एसआईटी गठन के निर्देश

पंजाब और हरियाणा हाइकोर्ट ने हरियाणा सरकार को हरियाणा पुलिस अकेडमी के डाइरेक्टर केके सिंधु की अध्यक्षता में एसआईटी के गठन के लिए निर्देश दिया है। पिछले साल हुई पलवल हिंसा को लेकर याचिका में केके सिंधु का नाम प्रस्तावित किया गया था। हालांकि राज्य सरकार ने राज्य अपराध शाखा से जांच के लिए कहा था, जिस पर याचिकाकर्ता की आपत्ति थी। याचिका में आरोप लगाया गया था कि पुलिस की रिपोर्ट गलत है। हरियाणा पुलिस ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि गांव में कोई सांप्रदायिक घटना नहीं हुई, बल्कि इसे सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश की गयी।
http://indianexpress.com/article/india/india-news-india/palwal-violence-punjab-and-haryana-hc-seeks-haryanas-reply-on-constitution-of-sit/
Date Accessed:8/4/2016

### बंगलौर हाइकोर्ट ने लापरवाही के लिए पुलिस को फटकारा

बंगलौर हाइकोर्ट ने बेंगलुरू में इस हफ्ते हुई सांप्रदायिक घटनाएं न रोक पाने के लिए फटकार लगाया। न्यायमूर्ति वेणुगोपाल गौडा ने पुलिस से पूछा कि आपकी खुफिया एजेसिंया (agencies) क्या कर रही थीं। अदालत ने पुलिसकर्मियों द्वारा महिलाओं पर कार्यवाई करने को गैरकानूनी बताया।
http://www.newindianexpress.com/cities/bengaluru/HC-Slams-Police-For-Mishandling-PF-Riots-in-Bengaluru/2016/04/21/article3391596.ece
Date Accessed: 21/4/2016

### कुपवाड़ा में व्हॉसएप के लिए सरकारी लाइसेंस लेना अनिवार्य

18 अप्रैल को जारी सर्कुलर में कुपवाड़ा में व्हॉसएप (whatsapp) को सरकारी लाइसेंस लेना होगा। प्रशासन को लगता है कि हंदवाड़ा में 12 अप्रैल को एक लड़की के साथ हुई छेड़छाड़ की घटना के बाद इलाके का माहौल बिगाड़ने में वाट्सऐप ग्रुप की भूमिका है। सर्कुलर में मौजूदा वॉट्सऐप ग्रुप को रजिस्ट्रेशन के लिए 10 दिन का समय दिया गया है।
http://www.catchnews.com/national-news/whatsapp-group-admins-need-to-get-license-in-jammu-and-kashmir-1461057064.html
Date Accessed: 21/4/2016

### गोपालगढ़ हिंसा पर गर्ग आयोग की रिपोर्ट

राजस्थान के जिले भरतपुर में 14 सितंबर, 2011 को हुई हिंसा में 10 लोग मारे गए थे। राज्य सरकार गठित आयोग की रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंपा जा चुकी है। आयोग ने पुलिस, प्रशासन को अपरोक्ष रूप से जिम्मेदार ठहराते हुए उस समय की राजनीति को अधिक दोषी बताया है।
http://www.bhaskar.com/news/RAJ-JAI-HMU-MAT-latest-jaipur-news-042424-3975094-NOR.html
Date Accessed: 21/4/2016

### कन्नौज में दंगो के आरोपियों पर धारा 82 के तहत कार्रवाई की अनुमति

कन्नौज में पिछले साल जुलाई और अक्टूबर में हुए दंगों में फरार 11 आरोपियों पर धारा 82 के तहत कार्रवाई की अनुमति सीजेएम न्यायालय से मिल गयी है। अदालत ने आरोपियों को एक महीने में आत्मसमर्पण करने के लिए कहा है। ऐसा न करने पर आरोपियों की संपंत्ति की कुर्की होगी।
http://www.jagran.com/uttar-pradesh/kannauj-13832470.html
Date Accessed: 7/4/2016

### मंदिर के निमंत्रण पत्र पर मुस्लिम अधिकारी के नाम पर विवाद

कर्नाटक के शहर पुत्तुर के मंदिर की रथयात्रा को लेकर विवाद हुआ। रथयात्रा के निमंत्रण पत्र पर उपायुक्त एबी इब्राहीम का नाम छपा था। इस पर विहिप (VHP) ने कर्नाटक के हिंदू रिलीजियस इंस्टीट्यूशंस एंड चैरिटेबल एनडाउमेंट ऐक्ट (Hindu Religious Insitutitions and endowments Act)1997 की धारा 7 का हवाला देकर आपत्ति जताया था। जिसके अनुसार मुरजई मंदिर के निमंत्रण पत्र पर किसी गैर हिंदू व्यक्ति का नाम नहीं हो सकता है। अदालत ने इसे मूर्खतापूर्णता बताते हुए एक्ट के तहत सरकार की गलती पर टिप्पणी की।
http://www.bbc.com/hindi/india/2016/03/160331_karnataka_temple_invitation_muslim_name_sk
Date Accessed:7/4/2016

### मध्यप्रदेश में मोहन भागवत के खिलाफ सोशल पोस्ट पर गिरफ्तारी

मध्य प्रदेश के उज्जैन जिले में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) प्रमुख मोहन भागवत के खिलाफ व्हाट्सएप (whatsapp) पर एक संदेश भेजने के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। कय्यूम नागौरी नाम के एक व्यक्ति पर गालियां देने और अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।
http://www.samaylive.com/regional-news-in-hindi/madhya-pradesh-news-in-hindi/347622/man-booked-for-circulating-whatsapp-message-against-rss-chief-mohan-bhagwat.html
Date Accessed:6/4/2016

### दादरी में प्रशासन ने शादी को सांप्रदायिक खतरा बताया

दादरी में एक युगल की शादी को प्रशासन ने रजिस्टर करने से इंकार कर दिया । मंजीत भाटी और सलमा ने आर्य समाज मंदिर में जाकर शादी की थी।

लेकिन प्रशासन ने इस शादी को रजिस्टर करने से मना करते हुए कहा है कि दादरी जैसे संवेदनशील इलाके में इससे सांप्रदायिक तनाव हो सकता है।
http://www.scoopwhoop.com/Officials-In-Dadri-Arent-Registering-This-Couples-Wedding-Fearing-It-Will-Spark-Riots/
Date Accessed:22/4/2016

### आजमगढ़ तनाव में हुईं गिरफ्तारियां

आजमगढ़ में हालिया हुए सांप्रदायिक तनाव के बाद पुलिस ने गिरफ्तारियां की हैं। हाल ही में मुबारकपुर कस्बे में कुरान की आयतें लिखीं खाने की प्लेट बेचने से विवाद हुआ था। खबरों में कहा गया था कि यह इलाके में दंगा कराने की सोची-समझी रणनीति थी।
http://www.patrika.com/news/azamgarh/two-person-arrested-in-mubarakpur-violence-1279447/
Date Accessed:25/4/2016

### कलबुर्गी हत्याकांड में दक्षिणपंथी संगठनों की तरफ बढ़ रही जांच

प्रो .एम.एम .कलबुर्गी की हत्या की जांच में यह बात सामने आ रही है कि दक्षिणपंथी संगठनों ने कलबुर्गी की हत्या पेशेवर हत्यारों से करवायी। खबर में कहा गया है कि पिछले तीन महीने से 20 दक्षिणपंथी संगठनों पर निगरानी की जा रही थी। यह भी संभावना जतायी गयी है कि एक ही संगठन ने कलबुर्गी और महाराष्ट्र में नरेन्द्र दाभोलकर की हत्या करवायी।
http://www.thehindu.com/news/cities/bangalore/hitmen-may-have-killed-kalburgi-say-cid-officials/article8506760.ece
Date Accessed:22/4/2016

### राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की झारखंड सरकार को नोटिस

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने झारखंड सरकार को मुस्लिम पशु व्यापारियों पर हमला करने के मामले में नोटिस जारी किया है। इस मामले को लेकर शिकायत की गयी थी कि लातेहार में हाल ही में हुई घटना में प्रशासन निष्पक्ष नहीं था।
http://timesofindia.indiatimes.com/city/ranchi/Lynching-case-NHRC-notice-to-Jharkhand/articleshow/51640904.cms
Date Accessed:1/4/2016

### किश्तवार दंगे की जांच करेगा राज्य मानवाधिकार आयोग

2013 के किश्तवार दंगे में आरोपी शिवसेना और विहिप के कार्यकर्ताओं के खिलाफ जांच को जम्मू पुलिस ने बंद कर दिया। इससे पहले पुलिस ने कहा था कि भाजपा से जुड़े संगठनों के लोग फरार हैं। हालांकि अदालत ने पुलिस के खिलाफ प्रस्ताव पारित करते हुए जांच के लिए राज्य मानवाधिकार आयोग को मामला भेजा है। साथ ही अदालत ने कहा है कि यदि जरूरी हुआ तो अधिकारियों पर उकसाने लापरवाही करने का मुकदमा चलेगा।
http://news.statetimes.in/jammu-police-close-investigation-fir-shiv-sena-vhp-arsonists/
Date Accessed:2/4/2016

## सांप्रदायिक घटनाओं के आंकड़े

### मध्यप्रदेश में सांप्रदायिक घटनाएं बढ़ीं

पुलिस रिकार्ड के अनुसार मध्यप्रदेश में सांप्रदायिक घटनाएं बढ़ी हैं। वर्ष 2015 के दौरान 2205 घटनाएं दर्ज की गयीं। वर्ष 2014 की तुलना में 355 घटनाएं अधिक हुई हैं। सांप्रदायिक घटनाओं में बढ़त खास तौर पर पश्चिमी जिलों नीमच, खंडवा, मालवा के इलाके में अधिक हुई हैं।
http://www.hindustantimes.com/bhopal/riots-on-the-rise-in-mp-2-205-cases-recorded-last-year/story-Mn8iUdKczFX1I8oVvs5G7O.html
Date Accessed: 19/4/2016

**Connect with RGICS at:** info@rgics.org; www.rgics.org

सूचना: यह केवल निजी प्रसार के लिए है। सभी लेख, खबरें मूल लेखों और खबरों का सार-संक्षेप है और इनके शीर्षकों में कहीं-कहीं बदलाव किया गया है। मूल लेखों और खबरों के विस्तार के लिए साथ में लिंक भी दिए गए हैं।